नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती 23 जनवरी

"H.D. जैन कॉलेज, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का जन्म दिवस श्रद्धांजली तथा पुष्प अर्पण करके मनाया गया

जैन कॉलेज में भी नेताजी को नमन

आरा। एचडी जैन कॉलेज की ओर से भी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती मनाई गई। अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र कुमार ओझा ने की। उन्होंने बताया कि सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी व सबसे बड़ा नेता थे।

संचालन करते हुए एनसीसी एनो पूर्ति माहौर ने कहा कि आज के युवा सुभाष चन्द्र बोस के दिये हुए रास्ते पर चलेंगे तभी जाकर देश को और सुरक्षित रख सकते हैं। उक्त मौके पर एनएसएस पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार,डॉ तबस्सुम बानो,अंजली गुप्ता,डॉ प्रज्ञा सिन्हा,डॉ निहारिका सिंह, डॉ कुंदन कुमार,डॉ अरुंधति मलिक, डॉ मालविका तिवारी सहित एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवक सनोज कुमार, विकास कुमार, रुचि प्रिया ,प्रत्यक्षा, खुशबू, हरीश, निखिल, नरगीस, अंकुर सहित कई उपस्थित थे।

युवाओं ने संकल्प के साथ नेताजी की जयंती मनाई :जगदीशपुर/ पीरो। हिटी जगदीशपुर व पीरो में भी नेताजी की जयंती मनायी गयी। जगदीशपुर नगर स्थित आर्यावर्त क्लासेज पंडा टोली में भारत जन्मभूमि जन जागरण मंडल के तत्वावधान में नेताजी की जयंती संकल्प के साथ मनाई गई। अध्यक्षता अमन इंडियन ने की व संचालन सोनू गुप्ता ने किया। वक्ताओं ने तैलीय चित्र पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान व बलिदान को रख सुभाष चंद्र बोस, शहीद जवान, वंदे मातरम्, भारत माता जय के जयकारे को बुलंद किया। मौके पर मुकेश चौबे, रामाशंकर चौधरी, विष्णुशंकर मिश्रा, राजेश कुमार चौधरी, सुधीर चौरसिया, विशाल सोनी, विकास शर्मा, एंकर ऋतिक रौशन, नीरज पांडे, बालेश्वर सिंह, सोनू कुशवाहा, गौतम सोनी सहित कई थे। वहीं अभाविप की पीरो नगर इकाई के तत्वावधान में आयोजित जयंती में अभाविप के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य छोटू सिंह सहित अन्य ने उन्हें महान स्वतंत्रता सेनानी व सच्चा देशभक्त बताया । दूसरी ओर राजीव कांग्रेस के अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में लक्ष्मण प्रसाद आजाद वीरेंद्र मधेशिया, मोनू कुमार, आशा देवी, उषा देवी, राहुल मिश्रा, जयनारायण राम सहित अन्य लोगों ने नेताजी के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प दोहराया।